# कार्यालय मुख्य अग्निशमन अधिकारी, वाराणसी।

पत्र संख्याः एसटी/एफएस/आई–3(स्कूल/बी)/2018 दिनांकः जून 05, 2021

सेवा में,

**जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी,**
वाराणसी।

विषयः विद्यालय भवन **आर0एन0पब्लिक स्कूल**, मड़ाव, भुल्लनपुर, रोहनिया, **वाराणसी** भवन में अधिष्ठापित जीव रक्षा प्रणाली एवं अग्निशमन सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण कर, आख्या उपलब्ध कराये जाने विषयक।

संदर्भः आवेदक के प्रार्थना पत्र दिनांकः 22.05.2021 के क्रम में।

कृपया आवेदक के उपरोक्त सन्दर्भित पत्र का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जो विद्यालय भवन **आर0एन0पब्लिक स्कूल**, मड़ाव, भुल्लनपुर, रोहनिया, **वाराणसी** में अधिष्ठापित अग्निशमन सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण कर आख्या उपलब्ध कराये जाने की अपेक्षा की गयी है।

उपरोक्त सम्बन्ध में इस कार्यालय के समांक पत्र दिनांकः 16.07.2018 का अवलोकन करें, जो विद्यालय भवन **आर0एन0पब्लिक स्कूल**, मड़ाव, भुल्लनपुर, रोहनिया, **वाराणसी** में अधिष्ठापित अग्निशमन सुरक्षा व्यवस्था का संयुक्त निरीक्षण किया गया है, जिसमें अंकित है कि,

**"अतः उपरोक्तानुसार विद्यालय भवन आर0एन0पब्लिक स्कूल**, मड़ाव, भुल्लनपुर, **रोहनिया, वाराणसी पिन–221005 रजिस्ट्रेशन नं0–2131601 में अधिष्ठापित जीव रक्षा प्रणाली एवं अग्निशमन सुरक्षा व्यवस्था को सदैव कार्यशील दशा में बनाये रखने तथा उपरोक्त शर्तों का पालन कर प्रत्येक वर्ष अग्निशमन विभाग से निरीक्षण/परीक्षण कराकर विहित फीस राजकीय कोष में जमाकर प्राप्त पत्र का नवीनीकरण कराये जाने की शर्त पर अग्निशमन सुरक्षा पत्र निर्गत किया जाता है, जो निर्गत तिथि से एक वर्ष तक के लिए वैध होगा।**

**उपरोक्त किसी भी अग्निशमन व्यवस्था/जीव रक्षा प्रणाली के अकार्यशील होने पर निर्गत पत्र स्वतः निरस्त समझा जायेगा।"**

उ0प्र0 शासन के आदेश संख्याः 1765/छः–पु0–8–2017–905(34)/2018 दिनांकः 16.02.2018 व मुख्यालय फायर सर्विस उ0प्र0 लखनऊ के निर्देशानुसार समस्त प्रकार की आख्या एक वर्ष के लिये निर्गत किया जा रहा है।

अतः विद्यालय भवन **आर0एन0पब्लिक स्कूल**, मड़ाव, भुल्लनपुर, रोहनिया, वाराणसी में अधिष्ठापित अग्निशमन सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण आख्या इस शर्त पर निर्गत तिथि से एक वर्ष के लिए निर्गत किया जाता है कि, आवेदक नियत तिथि के उपरान्त **upfireservice.gov.in** पर आन लाइन आवेदन पत्र प्रस्तुत कर, अग्निशमन सम्बन्धी अनापत्ति प्रमाण पत्र आवेदक द्वारा प्राप्त किया जाना आवश्यक होगा।

0 5 JUN 2021

( अनिमेष सिंह )
मुख्य अग्निशमन अधिकारी,
मुख्य अग्निशमन अधिकारी

**प्रतिलिपिः**–आवेदक स्वामी/प्रबन्धक/प्रधानाचार्य, **आर0एन0पब्लिक स्कूल**, मड़ाव, भुल्लनपुर, वाराणसी।

2. अग्निशमन अधिकारी भेलूपुर, वाराणसी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।